## सार-समाचार

### कासनिया का सम्मान

**अजमेर।** जल संसाधन विभाग, राजस्थान सरकार के कार्यालय अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन वृत्त, अजमेर में पदस्थापित राजेन्द्र कासनिया, कनिष्ठ सहायक, ने भोपाल में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय राइफल शूटिंग चैम्पियनशिप 2025 में 10 मीटर एयर राइफल पैरा इवेंट (एस एच-1 केटेगरी) में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए ब्रॉन्ज मेडल (कांस्य पदक) प्राप्त कर विभाग एवं राज्य का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर कार्यालय में अधीक्षण अभियंता अशोक बेहरा एवं अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कासनिया का साफा पहनाकर एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। सभी ने उनकी इस सफलता की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कासनिया की इस उपलब्धि से न केवल विभाग बल्कि सम्पूर्ण राजस्थान को गर्व की अनुभूति हुई है।

### वार्षिक पुण्यतिथि मनाई

अजमेर । संत शिरोमणि स्वामी हिरदाराम साहिब जी की 19वीं वार्षिक पुण्यतिथि को पुष्कर स्थित श्री शांतानंद उदासीन आश्रम में श्रद्धालुओं संत महात्माओं के आशीर्वाद से मनाई गई। इस अवसर पर मंहत राममुनी का आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ।

### सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

**अजमेर , (कास )।** अजमेर शहर में सांसद खेल महोत्सव- 2025 के तहत चंद्रवरदाई नगर एवं पटेल खेल मैदानों पर 23 एवं 24 दिसम्बर को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर श्री लोकबंधु ने बताया कि इसके अंतर्गत चंद्रवरदाई नगर खेल मैदान में क्रिकेट, वॉलीबॉल, हॉकी एवं खो-खो खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा । उन्होंने बताया कि इसी प्रकार पटेल खेल मैदान में बास्केटबॉल, कबड्डी ,रस्साकसी, टेबल टेनिस, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कुश्ती ,कराटे एवं स्केटिंग खेलों का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में शहर की हजारों खेल प्रतिभाएं अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगी। जिला कलक्टर लोकबंधु ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के सफल आयोजन के लिए पुलिस विभाग, नगर निगम, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, कॉलेज शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है।

### शराब ठेका कर्मचारियों पर हमला किया

**डूंगरपुर।** शहर के साबेला बाईपास मार्ग पर शनिवार शाम एक सनसनीखेज घटना सामने आई। नवाडेरा स्थित आबकारी विभाग के सरकारी शराब ठेके पर दो बाइकों पर सवार होकर आए 6 बदमाश युवकों ने ठेका कर्मचारियों से फ्री में शराब की मांग की। मना करने पर बदमाशों ने ठेका कर्मियों के साथ पथराव और मारपीट कर दी। घटना शाम करीब 7 बजे की है। हमले में ठेका कर्मचारी घड़मला निवासी पुष्पेंद्र सिंह और काकरादरा निवासी पंकज पुत्र शंकर लाल आहरी गंभीर रूप से घायल हो गए। पथराव के दौरान दोनों कर्मचारियों को सिर व शरीर पर गंभीर चोटें आईं।

### बैठक आयोजित

**डूंगरपुर।** अखिल भारतीय ब्राह्मण परिषद (रजि.)जिला डूंगरपुर द्वारा वागड़ क्षेत्र की ब्राह्मण प्रतिभाओं और पूरीहितों का सम्मान समारोह गुरुकुल कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामबोला मठ के महंत शिवशंकर दास महाराज,मुख्य आतिथ्य कमिश्नर हितेश जी त्रिवेदी,मुख्य वक्ता सोमनाथ जी मिश्रा,विशिष्ट अतिथि श्री शरद जोशी,हेमंत पंड्या, दीपिका जोशी,श्री मोहन जी जोशी रहे।कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की 75 प्रतिभाओं और 150 पुरोहितों का सम्मान स्मृति चिन्ह,प्रशस्ति पत्र,और ऊपरना ओढ़ा कर सम्मान किया गया।जिलाध्यक्ष श्री धनेश्वर पंड्या ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक हरिप्रसाद दवे ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं माननीय सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के तत्वावधान में श्रीमान ज्ञान प्रकाश गुप्ता जिला एवं सैशन न्यायाधीश (अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) उदयपुर के निर्देशो के क्रम में रविवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। उदयपुर मुख्यालय के न्यायाधीशगण के करकमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ किया किया गया। दीप प्रज्ज्वलन के समय उदयपुर मुख्यालय के न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, बैक बीमा के अधिकारीगण एवं पक्षकारगण उपस्थित रहे। एडी कुलदीप शर्मा ने बताया कि रविवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 5,45,281 प्रकरणों का निस्तारण किया गया, जिसमें लगभग 60 करोड 9 लाख के अवार्ड पारित किये गए (समस्त न्यायालयो, अधिकरणों एवं आयोगो में लंबित 21,380 प्रकरण, प्रि-लिटिगेशन के 5,23,901 प्रकरण)। एडीजे कुलदीप शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरण का निस्तारण होने पर प्रकरण का हमेशा के लिए निस्तारण हो जाता है। निस्तारित प्रकरण की अपील नहीं होती है। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रकरण का निस्तारण होने पर पक्षकारों द्वारा दी गई कोर्ट फीस पुनः लोटा दी जाती है।

### सीनियर पुरुष राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता

**राजसमंद।** राजस्थान हॉकी एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल की अध्यक्षता में आम सभा की आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश में हॉकी के भविष्य और आगामी खेल आयोजनों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम राजसमंद के पक्ष में रहा, जहां आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित करने का बडा फैसला लिया गया। मिडिया प्रभारी सुरेश भाट ने बताया कि राजस्थान हॉकी एसोसिएशन की आम सभा में मौजूद पदाधिकारियों ने आगामी खेल कैलेंडर पर चर्चा की। इस दौरान राजसमंद हॉकी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मोहन कुमावत ने आगामी पुरुष वर्ग सीनियर राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता को राजसमंद में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। खेल विकास और सुविधाओं को देखते हुए इस प्रस्ताव को आम सभा में सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। इस निर्णय के बाद जिले के खेल प्रेमियों और हॉकी खिलाडियों में खुशी की लहर दौड गई।

# जिला कलेक्ट्रेट पर 22 दिसंबर को होगा कांग्रेस का धरना, प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा शामिल होंगे

**अजमेर।** जिला कलेक्ट्रेट के बाहर 22 दिसंबर 2025 को प्रस्तावित विशाल धरना प्रदर्शन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अजमेर की ओर से तैयारियों के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक रणनीति, कार्यकर्ताओं की भागीदारी तथा कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस धरना प्रदर्शन में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की उपस्थिति प्रस्तावित है, जिससे कार्यक्रम को लेकर कांठोस कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बैठक में आरटीडीसी के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ एवं अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए संगठनात्मक मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि अधिक से अधिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि इसमें सक्रिय भागीदारी निभाएं।



**अजमेर जिला कलेक्ट्रेट के बाहर 22 दिसंबर को प्रस्तावित धरने की तैयारियां की गई ।**

धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि यह धरना प्रदर्शन जनहित से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने का एक सशक्त मंच बनेगा। कांठोस कार्यकर्ता पूरी ताकत और अनुशासन के साथ लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करेंगे। वहीं डॉ. राजकुमार जयपाल ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा की उपस्थिति से संगठन में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी स्तरों पर तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

बैठक में यह भी तय किया गया कि जिले के समस्त कांठोस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में धरना प्रदर्शन में शामिल होकर जनहित के मुद्दों पर एकजुटता का प्रदर्शन करेंगे। तैयारियों की इस बैठक में फखरे मोइन, महेंद्र चौधरी, गुलाम मुस्तफा, विवेक पाराशर, नोरत गुर्जर, दिनेश शर्मा, ईश्वर टहलयाणी, देवेंद्र चौधरी, चंदन सिंह, लक्ष्मी धोलखेड़िया, शैलेंद्र अठावाल, वाहिद मोहम्मद, हेमंत जोधा, तपीशा खिंची, अभिनव पांडे, देशराज मेहरा, अंकित घारू, सर्वेश पारीक और सुमित मित्तल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांठोस नेताओं ने विश्वास जताया कि 22 दिसंबर को होने वाला धरना प्रदर्शन जन आंदोलन का रूप लेगा और जनहित के मुद्दों को मजबूती से सरकार के समक्ष रखा जाएगा। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अजमेर बार अध्यक्ष योगेंद्र ओझा एवं अजमेर बार सचिव तथा पूर्व विशिष्ट लोक अभियोजक रूपेंद्र परिहार का कांठोस नेताओं द्वारा हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। स्वागत कार्यक्रम में पूर्व आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़, अजमेर कांठोस कमेटी अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल, पूर्व लोक अभियोजक विवेक पाराशर, पूर्व विशिष्ट लोक अभियोजक बृजेश पांडे सहित कांठोस कमेटी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गोठी स्कूल का 28 वां वार्षिक उत्सव का आगाज

**ब्यावर (निसं)।** श्री वद्धर्मान शिक्षण समिति ब्यावर द्वारा संचालित भंवरलाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 20 दिसंबर को कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए वार्षिक उत्सव का आयोजन वद्धर्मान गर्ल्स कॉलेज प्रांगण में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, समारोह अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री, अविनाश गहलोत, विशिष्ट अतिथि विधायक शंकर सिंह रावत, पोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी, वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र चतुर्वेदी एवं ब्यावर शहर के गणमान्य अतिथिगण एवं श्री वद्धर्मान शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुनिल खेतपालिया, मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख एवं वद्धर्मान शिक्षण समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य गण एवं शैक्षिणक निदेशक डॉ आर सी लोढा व विद्यालय के प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। अध्यक्ष सुनिल खेतपालिया व मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख ने माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह भेट कर पधारे हुए मुख्य अतिथि व समारोह अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों का अभिनन्दन किया।कार्यक्रम का आगाज रेट्रो रिदम थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम से किया गया । विद्यालय प्राचार्य धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि कक्षा 1 के नन्हे-मुन्नों से लेकर कक्षा 12 के विदयार्थियों ने पुराने नगमों व संगीत की प्रस्तुतियां देकर अतिथि व अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अभिभावकों ने पुराने नगमों के गीत एवं संगीत का आनन्द लेकर करतल ध्वनियों से महाविद्यालय प्रांगण गुंजायमान कर दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार मंत्र व गणेश वन्दना की आकर्षक प्रस्तुति से हुआ । तत्पश्चात जैन लघुनाटिका (आनन्द भयो) माता त्रिशला के अदभुत स्वप्नो की प्रस्तुति से हुआ। तत्पश्चात पुराने गीत व नगमो पर आधारित किसी की मुस्कराहट पे हो निसार, ओम शांति ओम, डिस्को बीट, लव यू जिन्दगी, रेट्रो वाइब्स, साइंस ट्रिब्यूट, नीले-नीले अम्बर पर, बी. एल. जी. रेट्रो वुड इत्यादि की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई तत्पश्चात शैक्षिणक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले व खेलकुद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियो को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मध्य में अतिथियों एवं समिति के पदाधिकारियों द्रारा वक्त के साथ आगे बढ़ता वद्धर्मान पुस्तक का विमोचन किया गया । समारोह के मुख्य अतिथि वासुदेव देवनानी ने अपने उदबोधन में विद्यालय में अध्यनरत समस्त छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में मोबाईल से दूरी बनाकर अपनी किताबों से दोस्ती कर लेनी चाहिये ताकि विद्यार्थी अपने सपनो को साकार कर सकें । समारोह अध्यक्ष अविनाश गहलोत ने समस्त छात्र छात्राओं को अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहकर अपने माता पिता, गुरूजन व अपने देश का सम्मान करना चाहिए ।

# संस्कार देने वाला हो बाल साहित्य : उमेश चौरसिया

■ राष्ट्रीय कार्यशाला में बाल साहित्य लेखन का दिया प्रशिक्षण

अजमेर । जो बाल साहित्य बाल मन के निकट होगा, उसी को पढ़ने में बच्चों की रुचि जागेगी। बच्चों को आनंद की अनुभूति करते हुए भारतीय संस्कृति व स्वत्व का बोध कराने वाले तथा जीवन को श्रेष्ठ बनाने वाले संस्कार देने वाले बाल साहित्य की आज आवश्यकता है।

नई दिल्ली की आई व्यू संस्था द्वारा रविवार प्रातः जूम पर आयोजित राष्ट्रीय रचनात्मक लेखन कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में विचार व्यक्त करते हुए वरिष्ठ बाल साहित्यकार उमेश कुमार चौरसिया ने कहा कि यह उपदेशात्मक नहीं हो इसका भी ध्यान रखना है। संयोजक देवेंद्र पंवार ने बताया कि इस कार्यशाला में चौरसिया ने "बाल साहित्य लेखन का कौशल" विषय पर देश भर के डेढ़ सौ से अधिक युवा रचनाकारों को बाल साहित्य की विविध विधाओं में प्रभावी एवं रुचिकर लेखन के गुर सिखाए। संचालन रश्मि ने किया।

महंत हनुमान राम जी ने जानकारी देते हुए बताया कि चुंगी चौकी, अजमेर रोड़, पुष्कर में श्री शातांनद उदासीन आश्रम में समाधि स्थल पर आरती व रामधुनी का आयोजन किया गया। स्वामी जी कहते थे पक्षी को दाना, गाय को चारा, बंदरों को चने खिलाकर मानव जीवन के कर्ज को कम करना चाहिए व प्रतिदिन छोटी-छोटी सेवा करने से मन में बुराई के विचार नहीं आते है, सब में अच्छाई देखों, बुराई अपने आप निकल जायेगी। कार्यक्रम जिसमें श्रृंद्धालु द्वारा धर्मलाभ प्राप्त किया गया ओर प्रसाद वितरण किया गयां। आरती पंडित पृथ्वीकांत ने करवाई।

शहर के विभिन्न स्थानों पर गाय को चारा व बंदरों को चने व कबूतरों को दाना खिलाया गया। इस मौके पर हरि चन्दनानी, कंवल प्रकाश किशनानी, प्रेम केवलरमानी, दीपक साधवानी परिवार सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बुरड परिवार ने पुण्य स्मृति में 525 किलो चारा खिलाया

**ब्यावर** (निसं) महावीर इंटरनेशनल ब्यावर की प्रेरणा से सचिव वीर नीलेश बुरड़ के पिताजी विमलचंद बुरड़ की पुण्य स्मृति में आज रविवार को प्रातः मसूदा रोड़ गौशाला पहुंचकर गायो को 525 किलो हरा चारा खिलाया गया।संस्था चैयरमेन डॉ. तारेश जैन ने बताया कि गौशाला में नियमित सेवा के अतिरिक्त संस्था द्वारा "सर्दी सुरक्षा मिशन" के तहत जरूरतमंद छात्र छात्राओं को संस्था द्वारा भामाशाह के सहयोग से समय समय पर स्वेटर कम्बल जूते चप्पल इत्यादि वितरित किये जा रहे है।इस मौके पर संस्था चेयरमेन वीर डॉ. तारेश जैन, सचिव नीलेश बुरड़, कोषाध्यक्ष मनोज शारडा, दीपचंद कोठारी, सुरेन्द्र कोठारी, सुनील सकलेचा, किशन हेडा, विमल जैन, सुनील लोढ़ा, ज्ञानचंद सेठिया, मुकेश मरलेचा आदि उपस्थित रहे।

# चंद्रवरदाई नगर एवं पटेल खेल मैदानों पर प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

■ शहर की हजारों खेल प्रतिभाएं अपने हुनर का करेंगी प्रदर्शन

**अजमेर , (कास) ।** अजमेर शहर में सांसद खेल महोत्सव- 2025 के तहत चंद्रवरदाई नगर एवं पटेल खेल मैदानों पर 23 एवं 24 दिसम्बर को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर लोकबंधु ने बताया कि इसके अंतर्गत चंद्रवरदाई नगर खेल मैदान में क्रिकेट, वॉलीबॉल, हॉकी एवं खो-खो खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा ।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार पटेल खेल मैदान में बास्केटबॉल, कबड्डी ,रस्साकसी, टेबल टेनिस, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कुश्ती ,कराटे एवं स्केटिंग खेलों का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में शहर की हजारों खेल प्रतिभाएं अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगी।

जिला कलक्टर लोकबंधु ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के सफल आयोजन के लिए पुलिस विभाग, नगर निगम, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, कॉलेज शिक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है।

## नाबालिग छात्रा को न्याय दिलाने की मांग

**डूंगरपुर, (निसं)।** सरदार पटेल सेना ने धम्बोला थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा की मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर कानून मंत्री जोगाराम पटेल से भेंट की। सरदार पटेल सेना ने मंत्री जोगाराम पटेल के जोधपुर निवास पर चर्चा की। सरकार और प्रशासन से इस मामले की सुनवाई स्पेशल कोर्ट में कराने की अपील की है। उन्होंने एक महीने के भीतर सभी सबूतों के साथ कोर्ट में चालान पेश करने और तीन महीने के अंदर दोषी को कड़ी सजा दिलाने की मांग की है। सरदार पटेल सेना के राष्ट्रीय संयोजक सुनील पटेल ने मंत्री पटेल से मांग करते हुए धम्बोला थाना क्षेत्र में एक अन्य समुदाय के युवक ने छात्रा को प्रताड़ित किया था। छात्रा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण छात्रा को अपनी जान गंवानी पड़ी। दोषियों के विरुद्ध बुलडोज़र कार्रवाई करने की मांग की। कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने मामले की जानकारी लेकर उच्च स्तर के अधिकारियों से दूरभाष से बातचीत की। पटेल ने न्याय दिलाने की बात करते हुए कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

# कथा को लेकर बैठक



**जनवरी में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा की तैयारियों को लेकर 400 सौ से अधिक सनातनी कार्यकर्ताओं की बैठक बांकीदास मूलराज परिसर में हुई।**

■ सनातनी कार्यकताओं की भागवत कथा का आयोजन

**मेड़ता सिटी ।** आगामी वर्ष जनवरी में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा की तैयारियों को लेकर शहर ओर ग्रामीण क्षेत्रों से 400 सौ से अधिक सनातनी कार्यकर्ताओं की बैठक बांकीदास मूलराज परिसर में रखी गई जिसमें कथा को सफल एवं भव्य बनाए हेतु विभिन्न जिम्मेदारी सौंपी गई।

श्री चारभुजानाथ एवं मीराबाई कथा आयोजक समिति के तत्वाधान में आयोजित इस भागवत कथा में मालवा माटी के जुड़ाव संत कमल किशोर जी नागर के सुपुत्र पंडित प्रभु जी नागर कथा प्रवचन करेंगे।समिति संयोजक जुगल किशोर जी अठावाल ने बताया कि कथा 5 जनवरी से 11 जनवरी तक प्रतिदिन 12 बजे से 3 बजे तक गांधी चौक बस स्टेशन के पास स्थित बांकीदास मूलराज बंगला मैदान में होगी। समिति कार्यकर्ता नंदू श्री मंत्री के अनुसार इस बैठक में मेड़ता तहसील के रेन, कात्यासनी, रिया, जसनगर, बड़ायली, भूरियासनी, इंडावड़, बेड़ावडी, लांपोलाई, भंवाल, लांबा,अकेली बगड़, धनेरिया, ढावा, समदोलाव, डोडियाना बीटन,इत्यादि सहित करीब 50 से अधिक गांवों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।साथ ही सैकड़ों स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थिति रहे। इस मौके जुगल किशोर अठावाल,श्याम सुन्दर बिड़ला,कैलाश बिंदल इत्यादि ने भी संबोधित किया।साथ ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार के साथ 50 से अधिक गांवों में श्रद्धालुओं को कथा में लाने और के जाने हेतु यातायात(बसों)की व्यवस्था सौंपी गई।साथ ही कथा के आगाज के दिन कलश शोभायात्रा को लेकर भी जिम्मेदारी सौंपी गई।

# आकर्षक श्रृंगार और भजन कीर्तन के साथ मनाया गया पौषबड़ा महोत्सव

■ इस दौरान माँ आशापुरा का पुष्प और गुब्बारों से मनमोहक श्रृंगार किया गया

**ब्यावर** (निसं) आशापुरा माता धाम में पौष माह के देवप्रिय उत्सव पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन दोपहर से सांध्य आरती तक सेंकड़ों भक्तगणों की उपस्थिति के साथ कृष्णचंद लढ्ढा व नारायण सोनी के सौजन्य से धूम-धाम से मनाया गया । इस दौरान माँ आशापुरा का पुष्प और गुब्बारों से मनमोहक श्रृंगार किया गया । साथ ही मंदिर परिसर की भी गुब्बारों से ऐसी आकर्षक साज-सज्जा की गयी, जिससे मंदिर परिसर के सौन्दर्य में अनुपम वृद्धि हो गयी । महोत्सव में भजन गायक भागचंद सोलीवाल द्वारा अनुपम भजन संध्या प्रस्तुत की गयी ।मंदिर समिति के सह सचिव सुरेश वैष्णव ने बताया कि इस महोत्सव में भजन गायक द्वारा अपने भजनों की उपस्थिति से ऐसा समां बांधा कि उपस्थित सभी भक्त गण मंत्र मुग्ध हो गए । भजन संध्या का शुभारंभ भजन गायक किशन सोलीवाल द्वारा श्री गणपती वंदना 'धूप करूँ ला मारे आंगनिया में रमता पधारो गणपति' के साथ प्रारम्भ हुआ ।

बाद में भागचंद सोलीवाल द्वारा 'वीर हनुमाना अतुलित बल धामा', 'अपने दिल को हाल में सुनावन', 'मेरी लगी श्याम संग प्रीत दुनिया क्या जाने', 'चौंसठ जोगनिया देवी मंदिर में रम जा', 'मेरा श्याम बड़ा रंगीला कोई अँखिया लड़ा कर देखे' सहित एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी ।मातृ शक्ति ने नृत्य के साथ भजनों का आनन्द लिया ।

# नव मतदाताओं के पंजीकरण के लिए क्लस्टर कैंप आज से

**अजमेर , (कास)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य में प्रक्रियाधीन विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत दावे एवं आपत्तियों का चरण 15 जनवरी 2026 तक चल रहा है। इसके तहत मतदाता सूची में 18 वर्ष की आयु के युवा, महिला मतदाताओं के साथ विशेष योग्यजन, पीवीटीजी सहित अन्य पात्र व्यक्तियों का मतदाता सूची में शत-प्रतिशत पंजीकरण कराना है। इसके लिए 22 दिसंबर से क्लस्टर कैंपों का आयोजन किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी लोकबंधु ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु के नव मतदाता के लिए क्लस्टर कैंप आयोजित कर मतदाता सूची में पंजीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत मतदाता सूची में 18 वर्ष से अधिक आयु के युवा एवं महिला, विशेष योग्यजन, ट्रांसजेंडर इत्यादि पात्र मतदाताओं का मतदाता सूची में शत-प्रतिशत पंजीकरण करने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि एसआईआर के अंतर्गत कोई भी पात्र मतदाता नहीं छूटे की संकल्पना के तहत समाज के वंचित वर्गों एवं समाज की मूल धारा में जुड़ने से शेष रहे वर्गों पर विशेष जोर देते हुए समावेशी मतदाता पंजीकरण का लक्ष्य प्राप्त किया जाना है। इसके तहत एसआईआर प्रक्रिया के दौरान दावे एवं आपत्तियों के चरण के मध्य 15 जनवरी 2026 तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन अर्हता 1 जनवरी 2026 के आधार पर 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नव मतदाताओं का पंजीकरण किया जाना है।

उन्होंने बताया कि युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ने के लिए 22 एवं 23 दिसंबर को जिले के स्कूलों एवं कॉलेजों में ईएलसी के माध्यम से नव मतदाता पंजीकरण, 29 दिसंबर को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से दिव्यांगजनों के लिए मतदाता कलस्टर कैंप, 6 जनवरी 2026 को डोर टू डोर सर्वे कर ट्रांसजेंडर एवं ईआरओ की ओर से चिन्हित स्थानों पर पीवीटीजी, डिनोटिफाइड ट्राइब, नोमेडिक एवं सेमी नोमेडिक कम्युनिटी के शेष रहे व्यक्तियों का पंजीकरण तथा 10 जनवरी को महिलाओं एवं नव विवाहित महिलाओं का समस्त मतदान केंद्रों पर पंजीकरण किया जाएगा।

# राजस्व मंडल में राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन, 59 प्रकरणों का निस्तारण

**अजमेर ।** राजस्व मंडल अजमेर में रविवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें आपसी समझाइश और सहमति के आधार पर बड़ी संख्या में प्रकरणों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत के अंतर्गत गठित पीठ में सदस्य राजेश कुमार दड़िया एवं सदस्य महेन्द्र लोढ़ा शामिल रहे। निर्धारित 67 चिन्हित प्रकरणों में से 59 प्रकरणों का निस्तारण लोक अदालत की भावना के अनुरूप किया गया, जो कि कुल लक्ष्य का लगभग 88 प्रतिशत रहा।

■ निर्धारित 67 चिन्हित प्रकरणों में से 59 प्रकरणों का निस्तारण लोक अदालत की भावना के अनुरूप किया गया, जो कि कुल लक्ष्य का लगभग 88 प्रतिशत रहा

लोक अदालत की विशेष उपलब्धि के रूप में 18 वर्ष से लंबित चार पुराने प्रकरणों का भी समझाइश के माध्यम से समाधान किया गया। इनमें महबूब बनाम शंकर, गांव गुढा, तहसील अजमेर, जिला अजमेर का प्रकरण प्रमुख रहा। लंबे समय से लंबित विवादों के समाधान से पक्षकारों में संतोष और प्रसन्नता देखने को मिली। इस अवसर पर अतिरिक्त निबंधक एवं सदस्यगण द्वारा पक्षकारों को माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं गईं और लोक अदालत की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया।




**अजमेर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सदस्य राजेश कुमार दडिया की मौजूदकी में हुआ।**

लोक अदालत की कार्यवाही में अतिरिक्त निबंधक हेमन्त स्वरूप माथुर, सेवानिवृत्त आरएएस (प्री-काउंसलर) सुरेश कुमार सिन्धी, राजकीय अभिभाषक शांति प्रकाश ओझा सहित अधिवक्ता रोहित सोनी, शाहबुद्दीन, नाथू सिंह राजपुरोहित सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा सहयोगी दल में भैरूराम वर्मा, हवा सिंह वर्मा, आकाश यादव, फैयाज, निरंजन, राजेश तिवाड़ी, अर्जुन यादव, दिनेश वैष्णव, सुमित शर्मा एवं अंकित ने व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया। लोक अदालत के शुभारंभ से पूर्व मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश दिया गया कि लोक अदालतें आमजन को शीघ्र, सुलभ और सस्ता न्याय उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम है तथा आपसी संवाद और सहमति से विवादों का समाधान समाज में सौहार्द और विश्वास को मजबूत करता है।

**आम सूचना- संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री रामेश्वरलाल पुत्र स्व.श्री श्योराम उम्र 66 वर्ष जाति कुमावत/ सिलावट निवासी राजारेड्डी, मदनगंज तहसील किशनगढ जिला अजमेर अपने पुत्र-पुत्रवधु श्री किशोर कुमार कुमावत एंव पायल कुमावत व उसका परिवार जो सभी मिलकर एक राय होकर मुझे व मेरे परिवार को प्रतिदिन प्रताडित करने, लड़ाई झगडा करने, कहे सुने से बाहर हो जाने तथा समाज विरोधी कार्य करने के कारण उन्हे अपनी स्वअर्जित चल-अचल सम्पतियों से बेदखल कर दिया है। मेरे मुवक्किल व इसके परिवारजन से उक्त लोगो का कोई रिश्ता नाता अब शेष नही है। सभी तरह के संबंध खत्म कर दिये गये है। अगर भविष्य में इनके साथ कोई लेन-देन, संव्यवहार आदि करेगा तो वह उसका स्वंय जिम्मेदार होगा। मेरा मुवक्किल उनके कार्य हेतु जिम्मेदार नही होगा ना ही किसी बात के लिये जिम्मेदार ठहराया जावेगा। (एडवोकेट अभिषेक सिंह राजपुरोहित) एवं मुवक्किल रामेश्वरलाल

**कार्यालय : फर्म मैसर्स मातेश्वरी मार्बल माईन्स**

(पंजीबद्ध भागीदारी फर्म) (पंजीयन संख्या 17/20/2005/16 दिनांक 22.02.2005)

-आम सूचना अन्तर्गत धारा 72 भारतीय भागीदारी अधिनियम-

हर आम एवं खस को सूचित किया जाता है कि पंजीबद्ध भागीदारी फर्म मैसर्स मातेश्वरी मार्बल माईन्स(जो कि रजिस्ट्रार ऑफ फर्मस नागौर के कार्यालय में पंजीयन संख्या 17/20/2005/16 दिनांक 22.02.2005 पर पंजीबद्ध है) में से भागीदार श्री नरसाराम पुत्र श्री रामदीन जाति मेघवाल निवासी बिल्लु रोड बोरावड़ तहसील मकराना जिला डीडवाना-कुचामन (राज०) अपनी स्वेच्छा से रिटायर्ड हो जाने के कारण उनका सम्पूर्ण हिस्सा(33.34 प्रतिशत) श्री शक्ति सिंह पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह जाति राजपूत निवासी बारह भाईयों की कोटड़ी, मकराना के पक्ष में हस्तान्तरित कर दिया है। इस प्रकार इस भागीदारी फर्म से भागीदार श्री नरसाराम पुत्र श्री रामदीन अपनी स्वेच्छा से रिटायर्ड हो चुका है एवं श्री शक्ति सिंह पुत्र श्री लक्ष्मण सिंह को इस फर्म में नया भागीदार बनाया गया है तथा इसके फलस्वरूप संशोधित भागीदारी विलेख गठित की जाकर दिनांक 18.12.2025 को संशोधित भागीदारी विलेख निष्पादित कर लिया गया है, इस संबंध में किसी भी व्यक्ति या किसी संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपति/ऐतराज हो तो अपनी आपति/ऐतराज सात दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ फमर्स डीडवाना-कुचामन के कार्यालय में प्रस्तुत करें।

-नोटेरी पब्लिक, तलत हुसैन हनीफी, एडवोकेट, मकराना (राजस्थान)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0**

क्रमांक-न.पा.वि./भूमि/2025/5091 लोक सूचना दिनांक-16.12.2025

श्री सोजीराम पुत्र श्री रामकरण धोबी निवासी प्राज्ञनगर बिजयनगर तहसील बिजयनगर जिला ब्यावर (राजस्थान) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित्त भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिवृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | राजस्व ग्राम | खसरा सं. | क्षेत्र |
| --- | --- | --- | --- |
| जिला ब्यावर तहसील बिजयनगर | बरल द्वितीय | 2739/756 | 0.1133 हैक्टर आवासीय प्रयोजनार्थ |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 70-क और राजस्थान अनिवृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिवृत्ति अधिकारों के निर्वायन पर कोई आक्षेप है तो यह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक को जारी की गयी।

-प्राधिकारी अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बिजयनगर करना